10.07.2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10PM

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचारः–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की न्यूजीलैंड यात्रा ऐतिहासिक, चार दशक बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री का ऑकलैंड दौरा।

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत की उपस्थिति में किया 5 हजार 17 करोड़ रुपये की उज्जैन-जावरा फोरलेन परियोजना का भूमि पूजन।

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल इंदौर में करेंगे 'मध्य प्रदेश युवा कॉन्क्लेव' का शुभारंभ।

- उत्तरी रेल के 680 किलोमीटर मार्गों पर स्वदेशी कवच प्रणाली के लिए मंजूर हुए 206 करोड़ रुपये।

प्रधानमंत्री -न्यूजीलैंड

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न्यूजीलैंड की दो दिवसीय ऐतिहासिक यात्रा पर ऑकलैंड पहुंचे हैं। करीब चार दशकों में यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली न्यूजीलैंड यात्रा है। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। भारतीय समुदाय के लोग बड़ी संख्या में उनके स्वागत के लिए एकत्रित हुए। लोगों ने तिरंगा लहराते हुए "किया ओरा मोदी" के नारे लगाए। इस यात्रा में व्यापार, निवेश, शिक्षा और प्रौद्योगिकी सहयोग पर चर्चा होने की उम्मीद है।

उपराष्ट्रपति-बिहार दौरा

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन कल बिहार के गयाजी का दौरा करेंगे। इस दौरान उपराष्ट्रपति बिहार लोक प्रशासन और ग्रामीण विकास संस्थान में बिहार विधानसभा सदस्यों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे।

मुख्यमंत्री - ग्रीनफील्ड

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत की उपस्थिति में उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड फोरलेन मार्ग का भूमि पूजन किया। यह कार्यक्रम उज्जैन जिले के नागदा में आयोजित हुआ। लगभग 99 किलोमीटर लंबी यह परियोजना 5 हजार 17 करोड़ रुपये की लागत से बनेगी। इससे उज्जैन को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से सीधा जुड़ाव मिलेगा। सिंहस्थ-2028 के दौरान श्रद्धालुओं को इसका खास लाभ होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने केंद्रीय विद्यालय नागदा और जन सेवा प्रहरी नेटवर्क का भी शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री -अतिथि सम्मेलन

ग्रीनफील्ड फोरलेन मार्ग का भूमि पूजन करने से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में प्रदेश स्तरीय अतिथि विद्वान सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अतिथि विद्वान हमारे परिवार के सदस्य हैं। उनके हित में सरकार ने उच्च स्तरीय समिति गठित की है। समिति की अनुशंसाएं मिलते ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। अतिथि विद्वानों को सहायक प्राध्यापक भर्ती में 25 प्रतिशत आरक्षण और आयु सीमा में छूट दी गई है। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नशामुक्त मध्यप्रदेश बनाने का आह्वान किया है। इसी क्रम में 15 से 30 जुलाई तक "नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0" अभियान चलाया जाएगा।

युवा कॉन्क्लेव-2026

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल इंदौर में मध्य प्रदेश युवा कॉन्क्लेव-2026 का शुभारंभ करेंगे। इस आयोजन में प्रदेशभर से करीब 5 हजार युवा हिस्सा लेंगे। कॉन्क्लेव में शिक्षा, खेल, कृषि और स्वास्थ्य सहित 10 प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा होगी। युवाओं द्वारा तैयार सुझावों से 'मध्यप्रदेश युवा संकल्प-2026' दस्तावेज बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री इस अवसर पर चार नई राज्य स्तरीय युवा पुरस्कार श्रेणियों की भी घोषणा करेंगे।

## कवच प्रणाली

भारतीय रेल ने सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया है। उत्तरी रेल के 680 किलोमीटर मार्गों पर कवच प्रणाली लागू करने के लिए 206 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। यह स्वदेशी सुरक्षा प्रणाली घनी आबादी वाले मार्गों पर लागू होगी। कवच प्रणाली सिग्नल उल्लंघन और ट्रेनों की टक्कर जैसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बनाई गई है। यह प्रणाली आवश्यकता पड़ने पर स्वचालित रूप से ब्रेक भी लगाती है।

## सिंधिया- पत्र

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भिंड की अटेर चंबल पुल परियोजना को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। पत्र में पुल के शेष कार्य के लिए लंबित वन विभाग एनओसी जल्द जारी करने का आग्रह किया गया है। श्री सिंधिया ने कहा कि पुल बनने से दोनों राज्यों के बीच आवागमन सुगम होगा। इससे व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को भी नई गति मिलेगी।

## संविदा कर्मचारियों को ग्रेच्युटी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने संविदा कर्मचारियों के हित में बड़ी पहल की है। अब कर्मचारियों के निधन पर उनके आश्रितों को ग्रेच्युटी का लाभ मिलेगा। 8 जुलाई को पहली बार एक दिवंगत कर्मचारी के आश्रित को यह राशि दी गई। अपर मिशन संचालक दिशा प्रणय नागवंशी ने बताया कि यह व्यवस्था 26 अगस्त 2025 से लागू है। 1 सितंबर 2025 के बाद सेवा पूर्ण करने वाले पात्र कर्मचारी इसके दायरे में आएंगे। मिशन कर्मचारियों को अनुग्रह राशि और अनुकंपा नियुक्ति जैसे लाभ भी दे रहा है।

## व्हाट्सएप यूजरनेम फीचर

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप ने यूजरनेम फीचर को लागू करने के संबंध में सरकार को अपना जवाब सौंप दिया है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि मेटा के स्वामित्व वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से जवाब कल रात प्राप्त हुआ था और वर्तमान में इसकी जांच की जा रही है। इस महीने की पहली तारीख को, सरकार ने भारत में व्हाट्सएप पर यूजरनेम फीचर को लागू करने के संबंध में मेटा को नोटिस जारी किया था। सूत्रों ने बताया

कि मंत्रालय ने मेटा को इस फीचर पर विस्तृत स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया था। मंत्रालय ने मेटा को यह भी निर्देश दिया था कि इस मामले पर परामर्श पूरा होने तक यूजरनेम फीचर को लागू न किया जाए।

## कॉमनवेल्थ बॉक्सिंग

प्रदेश की दो महिला मुक्केबाजों को बड़ी उपलब्धि मिली है। अंजली सिंह और माही लामा का चयन कॉमनवेल्थ बॉक्सिंग कैंप के लिए हुआ है। यह शिविर 10 से 24 जुलाई तक ग्लासगो, स्कॉटलैंड में आयोजित होगा। दोनों खिलाड़ी कल स्कॉटलैंड के लिए रवाना हुईं। खेल मंत्री विश्वास सारंग ने दोनों को शुभकामनाएं दी हैं

## दवाओं-दुरुपयोग रोक

केंद्र सरकार ने दवाओं के दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने 12 प्रतिशत से अधिक एथिल अल्कोहल युक्त दवाओं की बिक्री पर नई शर्त लगाई है। अब ऐसी दवाएं बिना डॉक्टर के पर्चे के नहीं बेची जा सकेंगी। ये दवाएं ओवर-द-काउंटर श्रेणी से बाहर कर दी गई हैं। फार्मासिस्टों को अब केवल वैध प्रिस्क्रिप्शन पर ही इन्हें उपलब्ध कराना होगा।

## विश्व नेत्रदान दिवस

आज विश्व नेत्रदान दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। नेत्रदान में मृत्यु के बाद कॉर्निया जरूरतमंद मरीजों के लिए दान किया जाता है। एक व्यक्ति के नेत्रदान से दो लोगों को दृष्टि मिल सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार यह प्रक्रिया चेहरे की बनावट को प्रभावित नहीं करती। भारत में मांग के मुकाबले दान किए गए कॉर्निया की संख्या अब भी काफी कम है।

## श्री अमरनाथ यात्रा

श्री अमरनाथ यात्रा के लिए आज 8 हजार 796 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था जम्मू से घाटी के लिए रवाना हुआ। अब तक 1.60 लाख से अधिक श्रद्धालु पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। अमरनाथ यात्रा-2026 का समापन 28 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन होगा।

संक्षिप्त समाचार

- पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल ने एक अभिनव पहल करते हुए रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल, रतलाम में स्थापित 30 किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र का पुनर्स्थापन कर उसे सोलर कारपोर्ट के रूप में विकसित किया है।
- कटनी में वर्षा ऋतु के दौरान जलजमाव से राहत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बाढ़ नियंत्रण स्थापित किया गया है।
- धार जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' आदेश जारी किया है। सभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे बिना हेलमेट वाले चालकों को पेट्रोल न दें।
- खंडवा पुलिस अधीक्षक ने जिला कंट्रोल रूम में न्यायालयों में पदस्थ कोर्ट मोहर्रिरों की मासिक बैठक ली।
- नर्मदापुरम जिले में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और वैज्ञानिक पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए पशुपालन और डेयरी विभाग 13 से 18 जुलाई तक दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का तीसरा चरण चलाएगा।

————————